राज्यपाल सचिवालय, बिहार

राजभवन, पटना–800022

प्रेस विज्ञप्ति

(विज्ञापन संख्या–03/2024)

राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना में पुस्तकालयध्यक्ष एवं सहायक पुस्तकालयध्यक्ष के रिक्त पद पर स्थायी नियुक्ति हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित किए जाते हैं।

क्र०सं०	पदनाम	पद संख्या	वेतन स्तर
01.	पुस्तकालयाध्यक्ष	01	वेतन लेवल–6(35,400–1,12,400+नियमानुसार राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अन्य अनुमान्य भत्ते)
02.	सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष	01	वेतन लेवल–2(19,900–63,200+नियमानुसार राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अन्य अनुमान्य भत्ते)

अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र भरने हेतु निम्न शर्तें आवश्यक हैं:–

1. अभ्यर्थी का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है।

2. **शैक्षणिक योग्यता:**–(क)पुस्तकालयाध्यक्ष के रिक्त पद के विरूद्ध आवेदन भरने की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी को राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से लाईब्रेरी साइंस/लाईब्रेरी इन्फॉमेशन साइंस में स्नातक की उपाधि के अतिरिक्त किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा/कम–से–कम 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स की उपाधि होनी चाहिए

(ख) :–सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष के रिक्त पद के विरूद्ध आवेदन भरने की अंतिम तिथि तक अभ्यर्थी को राज्य सरकार/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक, मान्यता प्राप्त संस्थान से डिप्लोमा इन लाईब्रेरी साइंस/डिप्लोमा इन लाईब्रेरी साइंस एण्ड इन्फॉमेशन साइंस तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा/कम–से–कम 6 माह का सर्टिफिकेट कोर्स की उपाधि होनी चाहिए।

3. आरक्षण :–कोटि–अनारक्षित।

4. उम्र सीमा:–

(i) **न्यूनतम आयु** :–दिनांक–01.08.2024 को न्यूनतम उम्र 21(इक्कीस) वर्ष

(ii) **अधिकतम आयु** :– राज्य सरकार के नियमानुसार सभी कोटि के लिए निर्धारित अलग–अलग अधिकतम आयु (छूट सहित)

(iii) अभ्यर्थी की उम्र की गणना मैट्रिक अथवा समकक्ष परीक्षा के प्रमाण पत्र में अंकित जन्म तिथि के आधार पर की जाएगी।

5. **शुल्क** : (क) पुस्तकालयाध्यक्ष के पद के लिए 2000/–रू० का डिमांड ड्राफ्ट जो निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार पटना के नाम से भुगतेय हो जो non-refundable होगा।

(ख) सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष के पद के लिए 1000/–रू० का डिमांड ड्राफ्ट जो निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, राज्यपाल सचिवालय, बिहार पटना के नाम से भुगतेय हो जो non-refundable होगा।

6. **आवेदन भरने की अंतिम तिथि** :– विज्ञप्ति प्रकाशित होने के एक माह तक निबंधित/डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से अपराह्न 06:00 बजे तक निश्चित रूप से निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित किया जायः–

प्रधान सचिव,
राज्यपाल सचिवालय,
पोस्ट–राजभवन, पटना।
पिन कोड–800022

डाक विलम्ब के लिए यह सचिवालय जिम्मेवार नहीं होगा।

8. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता/अनुभव प्रमाण पत्र/आवासीय प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र/जन्म तिथि से संबंधित प्रमाण पत्र की स्व अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना आवश्यक है।

9. स्क्रीनिंग समिति की अनुशंसा तथा साक्षात्कार के आधार पर नियुक्ति पत्र राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, बिहार, पटना द्वारा निर्गत किया जायेगा।

10. नियुक्ति किये जाने वाले व्यक्ति के बीच एकरारनामा(Agreement) सम्पन्न किया जायेगा।

11. प्रेस विज्ञप्ति को संशोधित/रद्द करने का अधिकार राज्यपाल सचिवालय को होगा।

23.12.2024

(रॉबर्ट० एल० चोंग्थू)
राज्यपाल के प्रधान सचिव

आवेदन का विहित प्रपत्र

छाया प्रति
(पासपोर्ट आकार का)

1. आवेदक/आवेदिका का नाम :–..............................
2. आवेदक/आवेदिका के माता का नाम :–..............................
3. आवेदक/आवेदिका के पिता का नाम :–..............................
4. स्थायी पता :–..............................
....
....
....
5. पत्राचार का पता
(मोबाईल नं० के साथ) : –..............................
....
....
....
6. आधार संख्या :–..............................
7. जन्म तिथि :–..............................
8. वैवाहिक स्थिति :–..............................
9. दिनांक–01.08.2024 को उम्र :–..............................
10. कोटि :–..............................
(सामान्य/आर्थिक रूप से कमजोर/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग/अनु० जाति/अनु० जनजाति)
11. शैक्षणिक योग्यता :– (मैट्रिक एवं इससे ऊपर)

क्र०सं०	परीक्षा का नाम	उत्तीर्णता का वर्ष	बोर्ड/विश्वविद्यालय/संस्था का नाम	प्राप्तांक एवं प्रतिशत	श्रेणी

12. तकनीकी/अन्य योग्यता :–..............................
(प्रमाण पत्र संलग्न करें) ....
13. अनुभव(अवधि के साथ) :–..............................
(प्रमाण पत्र संलग्न करें) ....
14. दो विनिर्धारकों का नाम(पता सहित) :–..............................
जो आवेदक को भली –भाँति पहचानता :–..............................
हो । :–..............................

घोषणा

मैं .... यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त दी गई सारी जानकारी/सूचना सत्य है तथा इसे गलत पाये जाने पर मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा सकती है।

तिथि :–

(आवेदक का हस्ताक्षर)